BEST SCENARIO FILM FESTIVAL

NYC हेल्थ + हॉस्पिटल्स प्रस्तुत करते हैं

# फ़्लू को रोकिए

## मुख्य अभिनेता - आप

G GENERAL AUDIENCES ALL AGES ADMITTED



NYC HEALTH+ HOSPITALS

★★★★★ आपके डॉक्टर

★★★★★ सबवे में आपके बगल वाला व्यक्ति

★★★★★ आपका परिवार

**आज ही अपना फ्लू का टीका लगवाएँ!**

अपॉइंटमेंट के लिएअपने डॉक्टर के कार्यालय जाएं या हमें कॉल करे।

**1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692)

## फ्लू वैक्सीन – अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### फ्लू का टीका किसे लगवाना चाहिए?

+ 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी New York वासियों को फ्लू का टीका लगवाना चाहिए, लेकिन विशेष रूप से:*
+ 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे
+ 50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्क
+ गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाएँ
+ मधुमेह, अस्थमा, एचआईवी, मोटापा, गुर्दे और हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियों से पीड़ित लोग
+ नर्सिंग होम या दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं के निवासी और कर्मचारी
+ सभी आवश्यक कर्मचारी, विशेष रूप से स्वास्थ्य कर्मचारी

### इस साल फ्लू का टीका लगवाना इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

+ फ्लू और COVID-19 दोनों से संक्रमित होना संभव है।
+ फ्लू का टीका हर साल लाखों बीमारियों और फ्लू से संबंधित डॉक्टर विजिटों को रोकता है। 2023-2024 के फ्लू सीज़न के दौरान, फ्लू के कारण अनुमानतः 40 मिलियन फ्लू बीमारियाँ, 470,000 फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती, तथा 28,000 फ्लू से मृत्यु होने की संभावना है।
+ फ्लू और COVID-19 अलग-अलग वायरस के कारण होते हैं। इसलिए, हालाँकि फ्लू का टीका COVID-19 को रोक नहीं पाएगा, लेकिन यह हमारे समुदाय में फ्लू से होने वाली बीमारियों, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु के अतिरिक्त बोझ को कम करेगा और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर इसके प्रभाव को कम करेगा।

### फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों से स्वयं को और दूसरों को बचाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?

+ प्रत्येक श्वसन वायरस सीज़न में नवीनतम फ्लू वैक्सीन और नवीनतम COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करें
+ नियमित रूप से अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं या उन्हें सैनिटाईझ करें
+ श्वसन शिष्टाचार का आचरण करें - अपनी खाँसी और छींक को ढकें
+ अपनी आँखों, नाक, और मुंह को ना छूएँ
+ बीमार व्यक्तियों के साथ निकट संपर्क से बचें
+ जब आप भीड़भाड़ वाले या बंद स्थानों पर ऐसे लोगों के साथ हों जिन्हें आप नहीं जानते तो उच्च गुणवत्ता वाला मास्क पहनें और सुनिश्चित करें कि यह आपके मुँह और नाक को ढकता है।
+ यदि आप बीमार महसूस करते हैं, तो घर पर रहें और प्राथमिक प्रदाता से संपर्क करें या ExpressCare.nyc पर जाकर या 631-397-2273 पर कॉल करके किसी वर्चुअल ExpressCare प्रदाता से बात करें।
+ यदि आप बीमार महसूस करते हैं, तो फ्लू और COVID-19 की जाँच करवाएँ

### क्या आप फ्लू का टीका भी COVID-19 का टीके के साथ साथ प्राप्त कर सकते हैं?

हाँ। आप फ्लू का टीका अन्य टीकों के साथ भी लगवा सकते हैं, जिसमें COVID-19 टीका भी शामिल है, और यदि आप पात्र हैं तो रेस्पिरेटरी सिन्सिशियल वायरस (Respiratory Syncytial Virus, RSV) टीका भी लगवा सकते हैं।

### इन्फ्लुएंजा (फ्लू)

- इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाला श्वसन संक्रमण
- संचरण श्वसन बूंदों, एरोसोल और दूषित सतहों के संपर्क के माध्यम से होता है
- फ्लू से पीड़ित अधिकांश लोग लक्षण शुरू होने से लगभग 1 दिन पहले से लेकर लक्षण ख़त्म होने के 5-7 दिन बाद तक दूसरों को संक्रमित कर सकते हैं।
- इसका इलाज खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) द्वारा अनुमोदित एंटी-वायरल दवाओं से किया जा सकता है जो फ्लू वायरस को लक्षित करती हैं

### COVID-19

- श्वसन संक्रमण जो कोरोनावायरस के कारण होता है, जिसे SARS-CoV-2 कहा जाता है
- फ्लू से भी अधिक संक्रामक हो सकता है
- इसका संचरण श्वसन बूंदों और एरोसोल के माध्यम से होता है
- COVID-19 के लक्षण आमतौर पर वायरस के संपर्क में आने के लगभग 4-5 दिन बाद शुरू होते हैं
- इसके कारण बच्चों में मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम हो सकता है
- "दीर्घकालिक COVID" कहे जाने वाले दीर्घकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिनमें कई ऐसे लक्षण शामिल हो सकते हैं जो संक्रमण के बाद हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं
- FDA द्वारा अनुमोदित एंटी-वायरल दवा से इसका इलाज किया जा सकता है

### दोनों

- इनके परस्पर समान लक्षणों में शामिल हैं: बुखार, ठंड लगना, खाँसी, साँस लेने में तकलीफ, साँस लेने में कठिनाई, थकान, गले में खराश, बहती और भरी हुई नाक, मांसपेशियों में दर्द, शरीर में दर्द, सिरदर्द, उल्टी, दस्त
- फ्लू और COVID-19 वैक्सीन दोनों ही आपके फ्लू होने की संभावना को रोक सकते हैं और गंभीर बीमारी कम कर सकते हैं।

फ्लू के टीके सुरक्षित, त्वरित और उन मरीजों के लिए बिना किसी खर्च के उपलब्ध हैं जिन्हें हमारे किसी समर्पित टीकाकरण स्थान पर टीका लगाया गया है। आज ही अपना फ्लू का टीका लगवाएं! अपने आसपास कोई स्थान पता करने के लिए **nychealthandhospitals.org** पर जाएँ या **1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692) पर कॉल करें।

NYC HEALTH+ HOSPITALS